Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 7:00 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:36 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 77 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 9 सितम्बर 2024

वसन बाला ने मांगी श्रद्धा...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### रुद्रपुर में किशोरी से घर ले जाकर दुष्कर्म का आरोप

रुद्रपुर। कोतवाली क्षेत्र में एक युवक किशोरी को बहला फुसलाकर अपने घर ले जाकर उससे दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक शहर निवासी एक 14 वर्षीय किशोरी को दो दिन पहले रात को फाजलपुर महरौला निवासी नीरज ठाकुर बहला फुसलाकर अपने घर ले गया था। आरोप है कि आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। बताया जा रहा है कि काफी देर तक जब पुत्री घर में नहीं मिली तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी थी। इस दौरान पता चला कि वह नीरज के घर पर है। परिजन वहां पहुंचे तो वह मिल गई। पूछताछ में किशोरी ने परिजनों को बताया कि नीरज ठाकुर ने उससे दुष्कर्म किया। रविवार शाम को परिजन कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर सौंपी। परिजनों ने युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कोतवाल मनोहर सिंह दशौनी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ पर पाक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

### अधेड़ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला

रुद्रपुर। थाना पंतनगर क्षेत्र फूलबाग सेंटर में एक अधेड़ संदिग्ध परिस्थितियों में बल्ली पर लटका मिला। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम को भेजा। पुलिस ने मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक फूलबाग सेंटर एन ब्लाक निवासी 52 वर्षीय जवाहर पुत्र मनी राम वह रात को खाना खाकर अपनी झोपड़ी में सोने चले गए थे। आज सुबह परिजन झोपड़ी की तरफ गये तो जवाहर को बल्ली पर लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक मूल रूप से वह छत्तीसगढ़ का निवासी था और पंतनगर में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में तैनात थे।

## एम्स में रोबोट से किया जाएगा किडनी प्रत्यारोपण, गुणवत्ता में आएगा सुधार

नई दिल्ली
एजेंसी

दिल्ली एम्स में रोबोट से किडनी प्रत्यारोपण किया जाएगा। मौजूदा समय में सामान्य तरीके से अंगों का प्रत्यारोपण होता है। रोबोटिक मशीन आने के बाद प्रत्यारोपण की गुणवत्ता में सुधार आएगा। एम्स में जल्द ही रोबोट से किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू होगी। मौजूदा समय में सामान्य तरीके से अंगों का प्रत्यारोपण होता है। रोबोटिक मशीन आने के बाद प्रत्यारोपण की गुणवत्ता में सुधार आएगा।



साथ ही मरीज की रिकवरी तेज होने की उम्मीद है। एम्स में अभी दिल, लिवर, किडनी व पैंक्रियाज के प्रत्यारोपण होते हैं। इसमें लिवर का प्रत्यारोपण मृत शरीर से मिले अंग से होता है, जबकि किडनी का प्रत्यारोपण मृत व जिंदा व्यक्ति से मिले अंग से हो रहा है। हर साल करीब 180 प्रत्यारोपण हो जाते हैं। इनमें सबसे ज्यादा संख्या किडनी की है। एम्स के सर्जरी विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. आरुषि कृष्णा ने कहा कि जल्द ही रोबोट आने वाला है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि आने वाले दिनों में रोबोटिक की मदद से प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू होगी।

देश में मांग के अनुपात में केवल 10% प्रत्यारोपण की सुविधा मिल रही है। इस समस्या के पीछे सर्जन की कमी के साथ पर्याप्त मात्रा में अंग उपलब्ध नहीं हैं। इन दोनों समस्या को सुधारने की दिशा में काम किया जाएगा। देशभर में प्रत्यारोपण करने वाले सर्जन ने एक सोसाइटी गठित की है। एम्स में इस इंडियन सोसाइटी ऑफ ट्रांसप्लांट सर्जन का दो दिवसीय सम्मेलन हुआ। इसमें प्रत्यारोपण सर्जनों की संख्या बढ़ाने के साथ उनकी गुणवत्ता को बेहतर करने, ट्रेनिंग देने सहित दूसरे मुद्दों पर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान आयोजन के अध्यक्ष डॉक्टर वीके बंसल ने कहा कि सोसाइटी का उद्देश्य देशभर में प्रत्यारोपण सर्जन की संख्या बढ़ाने के साथ गुणवत्ता को बेहतर करना है। अभी हमारे पास पर्याप्त अंग के साथ सर्जन की भारी कमी है।

ममता सरकार बोली- हड़ताल में 23 की मौत

## कोलकाता कांड की सुनवाई, 27 मिनट के ही फुटेज मिलेः सीबीआई

नई दिल्ली
एजेंसी

सीजेआई ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से आरजी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल के आवास और अस्पताल के बीच की दूरी के बारे में पूछा। एसजी मेहता ने जवाब दिया, लगभग 15-20 मिनट का। एसजी मेहता ने मामले की सुनवाई के दौरान जोर देकर कहा कि वह हम सबकी बेटी है।

मामले में दोषियों को जल्द जल्द सज दी जानी चाहिए। कोलकाता में चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या मामले से संबंधित याचिका पर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मामले की जांच को लेकर स्टेटस रिपोर्ट पेश की। बंगाल सरकार ने भी कोर्ट को स्थिति रिपोर्ट सौंपी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पश्चिम बंगाल सरकार ने स्थिति रिपोर्ट दाखिल की है। इसमें बताया गया है कि जब डॉक्टर काम नहीं कर रहे थे, तब 23



लोगों की मौत हो गई। सुनवाई के बाद कोर्ट सीबीआई से नई स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने जांच एजेंसी को एक हफ्ते का समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई 17 सितंबर को होगी। सीजेआई ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से आरजी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल के आवास और अस्पताल के बीच की दूरी के बारे में पूछा। एसजी मेहता ने जवाब दिया, लगभग 15-20 मिनट का। एसजी मेहता ने मामले की सुनवाई के दौरान जोर देकर कहा कि वह हम सबकी बेटी है। मामले में दोषियों को जल्द जल्द सज दी जानी चाहिए। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अप्राकृतिक मौत की रिपोर्ट दर्ज करने के समय पर स्पष्टीकरण मांगा। सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि मृत्यु प्रमाण पत्र दोपहर 1:47 बजे दिया गया, अप्राकृतिक मौत की एंट्री पुलिस स्टेशन में दोपहर 2:55 बजे की गई। सुप्रीम कोर्ट ने तलाशी और जब्ती के बारे में जानना चाहा। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने शाम 8:30 बजे से 10:45 बजे तक जवाब दिया। सुप्रीम कोर्ट ने जानना चाहा कि क्या घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज सीबीआई को सौंपे गए थे। एसजी मेहता ने जवाब दिया, हां। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने जानना चाहा कि क्या रात 8:30 से 10:45 बजे तक की गई तलाशी और जब्ती प्रक्रिया की फुटेज सीबीआई को सौंपे गए? इस पर एसजी मेहता ने जवाब दिया कि कुल 27 मिनट के 4 क्लिप सीबीआई को सौंपे गए। एसजी ने कहा कि सीबीआई ने नमूने एम्स और अन्य केंद्रीय फोरेंसिक प्रयोगशाला को भेजने का फैसला किया है।

## रोडवेज की वाल्वो बसों में टिकट फुल, सुविधा जीरो

उत्तरांचल दीप
नवनीत सिंह, हल्द्वानी

उत्तराखंड परिवहन निगम की वाल्वो बस सेवा में इन दिनों यात्री बेहाल है। आलम यह है कि पिछले सप्ताह भर से बस में यात्रियों को पानी नहीं मिल पा रहा है। इधर रोडवेज प्रबंधन जल्द ही पानी की बोतल की व्यवस्था करने का दावा कर रहा है।

गौरतलब है कि हल्द्वानी व काठगोदाम से रोजाना दिल्ली, देहरादून आदि रूटों पर परिवहन निगम अनुबंधित वाल्वो बसों का संचालन करता है। साधारण की अपेक्षा इन बसों का किराया भी सुविधा के हिसाब से काफी अधिक है। दरअसल इन बसों में यात्रियों को वातानुकूलित सेवा के साथ ही पानी की बोतल मुहैया कराई जाती है, इसका खर्चा यात्री किराये में ही जुड़ा होता है लेकिन बीते एक सप्ताह से वाल्वो बसों में पानी नहीं दिया जा रहा है। इससे यात्रियों में रोष है। इसे लेकर यात्रियों की परिचालक से नोंकझोक भी बढ़ती ही आ रही है।

इसके बावजूद निगम प्रबंधन कोई व्यवस्था नहीं कर पा रहा है। काठगोदाम व हल्द्वानी डिपो से करीब दर्जन भर वाल्वो बसों का संचालन किया जाता है।

**अव्यवस्था**

- यात्रियों को नहीं मिल रही पानी की बोतल
- असुविधा झेल रहे यात्री परिचालकों से कर रहे नोंकझोंक



*वाल्वो बसों में पानी की बोतल न मिलने का मामला संज्ञान में है। पानी सप्लाई करने वाली फर्म के मुताबिक प्लांट में सर्विसिंग आदि कार्य किया जा रहा है। इस वजह से वाल्वो में पानी की बोतल उपलब्ध नहीं कराने की जानकारी फर्म प्रतिनिधि ने दी है। जल्द ही पानी की बोतल यात्रियों को मुहैया कराई जाएगी। - **सुरेंद्र सिंह बिष्ट, सहायक महाप्रबंधक हल्द्वानी डिपो***

## सड़क की मांग को 100 साल की बच्ची बोली मांग पूरी होने तक उपवास रखूंगी

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के चमोली जिले के डुमक की सौ साल की बच्ची सुर्खियों में हैं। उन्होंने ठानी है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी वह अपना उपवास नहीं तोड़ेंगी। सड़क की मांग को लेकर डुमक के ग्रामीणों का क्रमिक उपवास लगातार जारी है। 39वें दिन 100 वर्षीय बच्ची देवी सहित गांव के अन्य लोग उपवास पर बैठे। वहीं शनिवार देर शाम को ग्रामीणों ने कैंडल मार्च निकालकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। डुमक के ग्रामीण एक अगस्त से गांव में ही आंदोलन कर रहे हैं। ग्रामीण सैंजी लगा मैकोट डुमक कलगोठ सड़क को पुराने समरेखण से बनाने और बंद पड़े कार्य को तुरंत शुरू कराने की मांग कर रहे हैं। इसी क्रम में



ग्रामीणों ने शनिवार देर शाम को गांव में कैंडल मार्च निकाला। रविवार को क्रमिक उपवास पर बैठीं 100 वर्षीय बच्ची देवी ने कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं हो जाती वह उपवास नहीं तोड़ेंगी। बच्ची देवी लगभग हर दिन धरना स्थल पहुंच रही हैं। क्रमिक उपवास पर बैठने वालों में रणजीत सिंह, सुंदर सिंह, महावीर सिंह, विक्रम सिंह आदि शामिल रहे। उनके साथ धरने पर विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, अंकित सिंह, ज्ञान सिंह, योगंबर सिंह सहित अन्य ग्रामीण बैठे रहे।

## पहाड़ से मैदान तक बदला मौसम, बारिश का येलो अलर्ट

देहरादून। मौसम विज्ञान केंद्र ने पर्वतीय जिलों के कुछ इलाकों में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है, जबकि मैदानी जिलों में मौसम शुष्क रहने से तापमान में इजाफा देखने को मिल सकता है।

उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में देर शाम मौसम ने करवट बदली। बड़कोट तहसील क्षेत्र में चटख धूप के बीच अचानक झमाझम बारिश शुरू हो गई।

यमुनोत्री धाम सहित खरशालीगांव, जानकीचट्टी, नारायण पुरी, फूलचट्टी क्षेत्र में बारिश हो रही है। वहीं, राजधानी देहरादून के कुछ इलाकों में भी बारिश हुई। वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र ने पर्वतीय जिलों के कुछ इलाकों में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है, जबकि मैदानी जिलों में मौसम शुष्क रहने से तापमान में इजाफा देखने को मिल सकता है।

## कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसभा में कांग्रेस के दिग्गज नेता सरकार पर गरजे

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

जिला मुख्यालय पर भाजपा सरकार की गलत नीतियों के विरोध में कांग्रेस ने प्रदर्शन में सरकार को उखाड़ फेंकने का आहवान किया गया। यहां कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसभा में कांग्रेस के दिग्गजों ने भाजपा पर निशाना साधा। इस दौरान दिग्गजों ने कहा कि धामी सरकार में कोई सुरक्षित नहीं है।

प्रदेश में महिलाओं का उत्पीडन हो रहा है। बलात्कार की घटनाएं हो रही है। सरकार गूंगी बहरी बनी हुई है। किसान,व्यापारी,गरीब परेशान हैं। जनसभा में पहुंचे कांग्रेस के दिग्गजों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से निकाय चुनाव आपसी मतभेदों को भुलाकर एकजुटता के साथ लड़े। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष करन महरा,पूर्व मुख्यमंत्री हरीश



रावत,नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व अध्यक्ष व विधायक प्रीतम सिंह, किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, विधायक खटीमा भुवन कापड़ी, विधायक जसपुर आदेश चौहान, विधायक नानकमत्ता गोपाल राणा, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदेश, महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला,पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, संजीव आर्या, रंजीत सिंह रावत, महेंद्र पाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा,जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा, सौरभ चिलाना,सरवर यार खां, दर्शन कुमार कोली, ममता रानी, ममता हालदार, अनिल शर्मा, रंजीत तिवारी, हरीश पनेरू समेत हजारों की संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

# 122वें श्री मां नंदा देवी महोत्सव का रंगारंग आगाज

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा के तत्वावधान में रविवार से 122वें श्री मां नंदा देवी महोत्सव का आगाज हो गया है। इस आठ दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ सभा भवन में बतौर मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्य ने किया जबकि सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से महोत्सव को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि श्री मां नंदा देवी महोत्सव हमारी संस्कृति है जो यहां के मानवीय व्यहार से दिखाई देती है। मुख्यमंत्री ने पूरे उत्तराखंडवासियों को महोत्सव की बधाई दी। विधायक सरिता आर्या ने कहा कि मां नंदा देवी सब पर आशीर्वाद बनाए रखे। कहा कि महोत्सव को यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल करने के लिए वह पूरे प्रयास करेंगी। विशिष्ट अतिथि जिले के पुलिस कप्तान प्रह्लाद नारायण मीणा ने कहा कि महोत्सव हम सबको एक दूसरे से जोड़ते हैं जो खुशी से साथ हमें आनंदित करते हैं। उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने सभी को बधाई दी तथा मेले के महत्पूर्ण जानकारी दी। नगर पालिका के प्रशासक के.एन. गोस्वामी ने कहा कि मां नंदा शक्ति स्वरुपा है तथा हिमालय की पहचान है जो प्रकृति से हमें जोड़ती है। सभा के पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी ने सभी का सभा परिवार की तरफ से स्वागत किया। इससे पूर्व अतिथियों ने दीप जलाकर महोत्सव का शुभारंभ किया। उसके बाद अतिथियों का स्वागत कुमाऊंनी टोपी,तिलक एवम पुष्प गुच्छ के साथ किया गया तथा सभी को मां का चित्र भेंट किया गया। सभा परिवार की ओर से सभा के अध्यक्ष मनोज साह व महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने सभी का स्वागत किया। पंडित भगवती प्रसाद जोशी के मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्वलन से महोत्सव का आगाज हुआ। इस दौरान 21 पौधों की पूजा भी संपन्न की गई। अतिथियों ने दल को लाल एवम सफेद ध्वज प्रदान किए। राम सेवक सभा के बाल कलाकारों ने गणेश स्तुति तथा नंदा स्तुति की सुंदर प्रस्तुति की। कार्यक्रम का संचालन प्रो ललित तिवारी ,मीनाक्षी कीर्ति तथा नवीन पांडे ने किया। कार्यक्रम के बाद भक्तों का एक दल कदली लाने के लिए रोखड गांव को रवाना हुआ। कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. नारायण सिंह जंतवाल,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संजय कुमार समेत शांति मेहरा,डॉ. रमेश पांडे, एसपी हरबंश सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल, ईओ पूजा चंद्रा, समेत गिरीश जोशी, मनोज साह ,अशोक साह ,जगदीश बवाड़ी, देवेंद्र लाल साह, राजेंद्र बिष्ट,बिमल साह, बिमल चौधरी, भुवन बिष्ट, कैलाश जोशी,भीम सिंह कार्की, कमलेश ढौंडियाल, ज्योति ढौंडियाल, विक्रम साह,गोधन सिंह,पंडित घनश्याम जोशी ,प्रेमा अधिकारी, दया बिष्ट, मनोज जोशी, गोपाल रावत,पूरन मेहरा,मारुति नंदन साह तथा ईशा साह आदि उपस्थित रहे।





## नियमितीकरण की मांग को लेकर 67वें दिन भी आंदोलन जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर चलाया जा रहा नियमितीकरण की मांग को लेकर अपनी तरह का अनोखा पर्यावरण संरक्षण का आंदोलन रविवार को 67वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला के नेतृत्व में निगम कर्मचारियों ने निगम मुख्यालय नैनीताल परिसर व केव गार्डन परिसर में विभिन्न प्रजाति के सैकड़ों पौधों का रोपण किया वहीं स्वच्छता अभियान चलाया वहीं महासंघ के उपाध्यक्ष पीतांबर दुमका ने नौकुचियाताल परिसर में पौधारोपण व स्वच्छता कार्यक्रम चलाया। इधर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरु रानी के नेतृत्व में पिथौरागढ़ में उल्का देवी यात्री वाटिका में विभिन्न प्रजाति के 100 पौधों का रोपण किया।

साथ ही स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम में हर सिंह, वेद प्रकाश, पदम सिंह,विजय बोरा, गोपाल बिष्ट, सौरभ खोलियां, महेश कुमार, दीपक, राजेंद्र, नरेंद्र थापा, राजेंद्र सिंह, हंसी, रचना सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।



## तीन दिवसीय गणेश चतुर्थी पर बाजार में निकाला जुलूस

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

तल्लीताल बाजार में तीन दिवसीय चल रहे गणेश चतुर्थी के मौके पर गणेश की प्रतिमा की विसर्जन से पूर्व भक्तों ने गणेश भगवान की मूर्ति के साथ शहर भ्रमण किया। प्रात लगभग 12:00 बजे तल्लीताल बाजार से भक्त गणपति बप्पा मोरिया अब के बरस तू जल्दी आ के भजन के साथ वैष्णो देवी मंदिर से इंडिया होटल होते हुए वापस गांधी चौक तल्लीताल तक पहुंचे और वहां से गणेश की प्रतिमा को विसर्जन के लिए पाषाण देवी मंदिर तक ले जाकर विसर्जन किया गया। इस दौरान भक्तों ने भजन गाकर उनको विदा किया बता दे पूर्व सभासद किरन शाह और उनके पति मनोज शाह टोनी पिछले 6 वर्षों से गणपति महोत्सव मना रहे हैं और उनके आवास पर वह विराजे जाते हैं जिसे आज भक्तों ने भजन कीर्तन के साथ रुखसत किया। इस दौरान भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। मुख्य पुजारी पंडित बसंत चंद्र तिवारी पूजा अर्चना शुरू की और पिटिया लगाकर सभी का अभिनंदन किया। बता दिन बीते रोज रविवार को भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया था जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर व्यापार मंडल के महामंत्री अमनदीप आनंद राजेंद्र मनराल, वीरेंद्र मनराल, रिंकी बिष्ट, गीता शाह, प्रेमा शाह, प्रेमा अधिकारी, कल्पना कर्नाटक, लता कर्नाटक, खष्टी बिष्ट, प्रेमा बिष्ट,रजनी शाह, कनिष्का भंडारी, चार्वी जोशी, सुमन परिहार, हरीश शाह,मुकेश शाह गुड्डू, मनोज शाह, शोभा तिवारी, पवन बिष्ट, दीपक शाह, हेमा बिष्ट दिनेश पांडे, सीमा शाह, भावना रावत, मीना शाह मुच्छु, सहित अन्य भक्तगण मौजूद थे।

## प्रथम महिला शौम्या गर्ब्याल का उप-जिलाधिकारी पद पर चयन होने पर स्वागत किया

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

रं कल्याण संस्था द्वारा रं समाज की प्रथम महिला शौम्या गर्ब्याल का उप-जिलाधिकारी पद पर चयन होने पर रं मं बं खेमपुर हल्द्वानी में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम में रं कल्याण संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा उन्हें बधाईया देते हुए उनको पुष्प गुच्छ एवं पुष्प मालाओ से उनका भव्य स्वागत करते हुए उन्हें आरकेएस द्वारा एक रं प्रतिक चिह्न भी भेंट किया गया। इस अवसर पर शौम्या गर्ब्याल ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माताजी एवं परिवारजनों को दिया और उन्हेंने युवाओं को भी मार्गदर्शन भी दिया और कहा की हमें पहले अपने लक्ष्य को निर्धारित करना चाहिए फिर उसे प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। इस दौरान रं कल्याण संस्था के उपाध्यक्षा भरोशी व्यास, सचिव रितेश गुंज्याल, कोषाध्यक्ष पुनीत ह्यांकि, तारा ह्यांकि, मनोज दुग्ताल,नरेंद्र पतियाल, होशियार ह्यांकि, रमेश पतियाल, सीमा नगन्याल, जीवन सीपाल समेत अन्य लोग मौजूद रहें।



## NEWS / फटाफट

### पुरुष शतरंज एमबीपीजी कॉलेज ने छठी बार चैंपियनशिप जीती

**हल्द्वानी।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल पुरुष शतरंज टूर्नामेंट चाणक्य लॉ कॉलेज रुद्रपुर में आयोजित किया गया। जिसमें नैनीताल,रामनगर , खटीमा, हल्द्वानी, हल्दूचौड़ के शतरंज खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में एमबीपीजी कॉलेज ने छठी बार चैंपियनशिप जीती । एमबीजीपीजी कॉलेज ने सेमीफाइनल में डीएसबी को 3 -2 से तथा फाइनल में रामनगर महविद्यालय को 5-0 से पराजित किया। एमबी पीजी कॉलेज से आशुतोष सिंह खाती 1529 फिडे रेटेड, डीएसबी परिसर से अमन सिंह मेहरा, मयंक बिष्ट, प्रियांशु बिष्ट और खटीमा से हिमांशु कुमार 1672 फिडे रेटेड पर कुमाऊं विश्वविद्यालय के लिए नॉर्थ जॉन टीम में चुना गया। इस दौरान आदित्य कुशवाहा, आशुतोष सिंह खाती ,मनीष फर्त्याल, जितेंद्र सिंह, अमन मेहरा रहें।

### छह केंद्रों में संयुक्त पीएचडी प्रवेश परीक्षा कराई

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की ओर से रविवार को प्रदेश के 6 केंद्रों में उत्तराखंड राज्य संयुक्त पीएचडी प्रवेश परीक्षा कराई गई। जिसमें 2125 अभ्यर्थी उपस्थित व 288 अनुपस्थित रहे। बता दें कि राज्य संयुक्त पीएचडी प्रवेश परीक्षा पहली बार कराई गई। जिसका जिम्मा कुविवि नैनीताल को दिया गया था। रविवार को हल्द्वानी के एमबीपीजी कॉलेज, नैनीताल के डीएसबी परिसर, अल्मोड़ा के एसएसजे परिसर तथा पिथौरागढ़ के लक्ष्मण सिंह महर परिसर, देहरादून के दून विश्वविद्यालय और ऋषिकेश के पीएलएम शर्मा परिसर में परीक्षा कराई गई। 33 विषयों के लिए 2413 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। एमबीपीजी में 855, डीएसबी नैनीताल में 160, एसएसजे परिसर में 269 तथा पिथौरागढ़ परिसर में 163, दून विवि में 436 और ऋषिकेश परिसर में 242 ने परीक्षा दी। नोडल अधिकारी प्रो.नन्द गोपाल साहू ने बताया कि सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्वक और नकलविहीन संपन्न हुई। परीक्षा की आंसर की 11 सितंबर (बुधवार) को समर्थ पोर्टल पर अपलोड कर दी जाएगी।

### जन्मदिन पर जाने की बात कहकर गई किशोरी लापता

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से एक किशोरी के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर एक पर पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया। किशोरी घर में सहेली के जन्म दिन पर रोडवेज पर जाने की बात कह गई थी। थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र संजय नगर खेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि वह परिवार के साथ किराए पर रहता है। अमित के मकान पर किराये में रहता है। बताया कि उसकी पुत्री किसी अभय घरामी नामक लड़के से फोन पर बात करती थी। 29 अगस्त 24 को 11 बजे पुत्री अपनी मां से किसी सहेली के जन्मदिन होने की बात कहकर रोड़वेज के पास जाने की बात कह गई थी। आज तक घर वापस नहीं लौटी। उन्होंने पुत्री को काफी जगह व रिश्तेदारी में तलाश किया, मगर कहीं नहीं मिली। परिजनों ने उक्त अभय घरामी नामक युवक पर बहला फसलाकर अपने साथ ले जाने का शक जताया। परिजनों ने पुत्री के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से मदद की गुहार लगाई। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है।

### राष्ट्रीय योगी सेना के कमलेश दरम्वाल जिलाध्यक्ष बने



**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय योगी सेना के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.एसपी भारद्वाज ने हल्दूपोखरा दरम्वाल हल्द्वानी निवासी कमलेश सिंह दरम्वाल को नैनीताल जिलाध्यक्ष (ग्रामीण)मनोनीत किया है। रुद्रपुर के एएन झा राजकीय इंटर कालेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष भारद्वाज ने कहा कि कमलेश दरम्वाल के सामाजिक कार्यो को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि कमलेश योगी सेना की मजबूती को काम करेंगे। इस मौके पर रुद्रपुर के निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह समेत योगी सेना के तमाम पदाधिकारी मौजूद थे।

## जिला प्रशासन व पालिका प्रशासन ने किया मेला क्षेत्र का निरीक्षण



**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला प्रशासन व पालिका प्रशासन की संयुक्त टीम ने रविवार को नैनीताल के नंदा देवी मेला क्षेत्र का बारिकी से निरीक्षण किया। इस दौरान मेलाधिकारी के. एन. गोस्वामी ने मेला ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए किसी भी स्थिति में मेला क्षेत्र में फड़ नहीं लगाएं अगर आदेशों के बावजूद भी कोई फड़ लगता मिला तो मेला ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी साथ ही फड़ लगा रहे व्यक्ति का सामान जब्त कर लिया जाएगा। मेलाधिकारी के एन गोस्वामी ने बताया मेले में किसी प्रकार व्यवधान न हो भगदड़ की स्थिति न बने इसको देखते हुए मेला क्षेत्र में फड़ न लगाने का फैसला किया गया है ताकि मेले में आ रहे लोगों को चलने में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। रविवार को संयुक्त टीम ने मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया गया है जो व्यवसायी मेला क्षेत्र में फड़ लगा रहे थे उन लोगों को मेला क्षेत्र में बनी दुकान किराए पर लेने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान संयुक्त मजिस्ट्रेट, वरुणा अग्रवा,एसडीएम प्रमोद कुमार,मनीषा मारकना तथा नयाब तहसीलदार नरेंद्र कुमार गहतोडी व काननूनगो हित्रा मंमगई तथा ईओ पूजा चंद्रा व कोतवाल हरपाल सिंह समेत हिमांशु चंद्रा,मोहन सिंह चिलवाल, कुंदन बिष्ट,जितेंद्र पांडे,त्रिभुवन सिंह फ र्तियाल तथा विमल बिष्ट समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## खुफिया तंत्र के लिए चुनौती

*सीमा पार से आतंकियों की घुसपैंठ रुकने के बाद भारत में ही समुदाय विशेष के लोगों को आतंकवादी बनाने के लिए मॉड्यूल तैयार किया गया है। रेडियोलॉजिस्ट डॉ. इश्तियाक की गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं है। छापेमारी में हथियार, गोला-बारूद, जेहादी व आतंकी साहित्य मिलना गंभीर संकेत है। आतंकी सरगना डॉ. इश्तियाक से जुड़े अन्य लोगों को तलाश करना होगा। जिस संगठन का सरगना डॉक्टर है, तो उससे शिक्षित तथा उच्च शिक्षण संस्थानों में कार्यरत लोग जुड़े होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। पुलिस व खुफिया तंत्र को आतंकियों के पूरे ताने-बाने को तार-तार करना पड़ेगा।*

दिल्ली पुलिस की एंटी टेरर यूनिट स्पेशल सेल ने आतंकी संगठन अलकायदा इंडियन सब कॉन्टिनेन्ट (एक्यूआईएस) मॉड्यूल की साजिश का खुलासा किया है। खुफिया तंत्र से मिली जानकारी के आधार पर झारखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम के साथ अनेक जगहों पर मारे गये छापे में आतंकी संगठन के दर्जनभर से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आतंकी संगठन का सरगना रेडियोलॉजिस्ट डॉ. इश्तियाक को पकड़ने में सफलता मिली है और पूछताछ के दौरान मिली जानकारी से खतरनाक मंसूबों का पता चला है। एक तरफ मुस्लिम आतंकी संगठन खूनखराबे की तैयारी कर रहे हैं तो दूसरी तरफ कथित खालिस्तानी आतंकी भी सिर उठाने के मौके की तलाश में हैं। आतंकी संगठनों को विदेश से मदद मिल रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दुनिया के कई देशों को भारत की प्रगति रास नहीं आ रही है। भारत के खुफिया तंत्र के सामने बड़ी चुनौती है। भारत हर क्षेत्र में विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है, इस रास्ते को आतंकी संगठनों के माध्यम से बाधित किये जाने की साजिश है। जम्मू-कश्मीर से लेकर देश के विभिन्न क्षेत्रों में आतंकी हमले तथा साम्प्रदायिक दंगों का खतरा हमेशा बना रहता था। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता संभालते ही बाह्य और आंतरिक सुरक्षा को प्राथमिकता दी। पाकिस्तान में मौजूद आतंकी संगठन प्रशिक्षण देकर आतंकियों को कश्मीर घाटी में भेजकर सुरक्षा बलों तथा जनता पर हमले कराते थे। सीमा पार से घुसपैंठ रोकने के साथ कश्मीर में आतंकवादियों को संरक्षण प्रदान करने वाले अलगाववादियों की फंडिंग रोक दी गई। कश्मीर के युवाओं को पैसे देकर सुरक्षा बलों पर पथराव करने तथा अपने घरों में आतंकियों को छिपाने का काम अलगाववादी करते थे। अलगाववादियों को विदेश से धन मिलता था। अलगाववादियों पर नियंत्रण के बाद कश्मीर से धारा 370 समाप्त कर दी गई। इसके बाद कश्मीर में कानून व्यवस्था में सुधार हुआ और पर्यटन के साथ कारोबार सामान्य हो गया। सीमा पार से आतंकियों की घुसपैंठ रुकने के बाद भारत में ही समुदाय विशेष के लोगों को आतंकवादी बनाने के लिए मॉड्यूल तैयार किया गया है। रेडियोलॉजिस्ट डॉ. इश्तियाक की गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं है। छापेमारी में हथियार, गोला-बारूद, जेहादी व आतंकी साहित्य मिलना गंभीर संकेत है। आतंकी सरगना डॉ. इश्तियाक से जुड़े अन्य लोगों को तलाश करना होगा। जिस संगठन का सरगना डॉक्टर है, तो उससे शिक्षित तथा उच्च शिक्षण संस्थानों में कार्यरत लोग जुड़े होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। पुलिस व खुफिया तंत्र को आतंकियों के पूरे ताने-बाने को तार-तार करना पड़ेगा।

# साईबर धोखाधडी के दो सरगना गिरफ्तार

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

**कार्रवाई**
● उत्तराखंड एसटीएफ के साईबर थाना कुमाऊं पुलिस को मिली कामयाबी



उत्तराखंड एसटीएफ के साईबर थाना कुमाऊँ पुलिस ने साईबर धोखाधडी करने वाले दो साइबर ठग गिरफ्तार किए है। साइबर ठगों ने पर सोशल मीडिया साईट्स में विज्ञापनों के जरिए ऑनलाईन ट्रेडिंग के नाम पर अधिक मुनाफे का लालच देकर पीड़ितों से करते ठगी करते थे। साइबर पुलिस ने दोनों को रुद्रपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह के मुताबिक माह अगस्त में ऊधम सिंह नगर निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत की थी कि जून में फेसबुक में एक आनलाइन ट्रेडिंग का विज्ञापन देखा था। इस पर उसने दिए गए लिंक पर क्लिक किया तो अज्ञात व्हाटसएप ग्रुप से जुड़ गया। उन्होंने बताया कि चैटिंग करने पर एक अन्य लिंक देकर दूसरे ग्रुप से जोड़ दिया गया। उसमें पहले से जुडे लोगों ने मुनाफे की धनराशि के स्क्रीन शाट शेयर किए थे। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर साइबर पुलिस थाना कुमाऊं ने जांच शुरू कर दी थी। इस दौरान टीम ने घटना में प्रयुक्त बैंक खाते, रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर, व्हाटसएप की जानकारी के लिए संबंधित बैंक, सर्विस प्रदाता कंपनी, मेटा कंपनियों से डेटा प्राप्त किया।

इस बीच पता चला कि साइबर अपराधी पीड़ित से अन्य लोगों के खातों (कमीशन बेस्ड खाते) का प्रयोग कर धोखाधडी कर धनराशि प्राप्त करते थे। जांच के दौरान बैंक खाते और मोबाइल नंबर का सत्यापन के बाद द्वारिका इनक्लेव छतरपुर पंतनगर निवासी मास्टर माइंड गुरप्रीत सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह और ग्राम खितौसा भोजीपुरा बरेली यूपी निवासी प्रेमशंकर पुत्र लेखराज सिंह का नाम सामने आया। इसके बाद साइबर थाना पुलिस ने दोनों की तलाश शुरू कर दी थी। एसएसपी ने बताया कि तलाशी के दौरान कुछ अहम सुराग मिले। जिसमें गुरप्रीत सिंह भारत से बाहर विदेशी साइबर अपराधियों के लगातार संपर्क में है, वह पूर्व में दुबई की भी यात्रा कर चुका है। रविवार को साइबर अपराधी मटकोटा रुद्रपुर में होने की सूचना है। इस पर साइबर थाना प्रभारी अरूण कुमार, एसआइ दिनेश कुमार पंत, एएसआइ सत्येंद्र गंगोला, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार के साथ ही तकनीकी टीम के एसआइ दीपक सती, महिला कांस्टेबल बलजिंदर कौर मटकोटा पहुंचे।

उन्होंने गुरप्रीत सिंह और प्रेमशंकर को गिरफ्तार कर लिया। टीम को उनके पास से घटना में प्रयुक्त तीन मोबाइल, विभिन्न बैंक के 9 डेबिट कार्ड, एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, एक वोटर आईडी, एक श्रम कार्ड बरामद हुए है।बरामद मोबाइल फोन से कई ई-मेल एकाउंट, बैंक खाते, फर्जी फर्म/कंपनियों के नाम फोटो व दस्तावेज मिले है। उन्होंने बताया कि दस्तावेजों के साथ ही व्हाटसएप में अन्य साइबर अपराधियों के संपर्क में होने के साक्ष्य भी मिले है। पुलिस साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी करेगी।

## शिक्षक-अभिभावक संघ की आम सभा का अधिवेशन

**नैनीताल।** भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की शिक्षक-अभिभावक संघ की आम सभा का अधिवेशन विद्यालय सभागार में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता पी0टी0ए0 के पूर्व अध्यक्ष व संरक्षक ईश्वर सिंह बिष्ट ने की। प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने उपस्थित सभी अभिभावकों का स्वागत करते हुए विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। अधिवेशन में शिक्षक-अभिभावक संघ 2024-25 के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष पद पर श्याम सिंह, उपाध्यक्ष पद पर प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, मंत्री पद पर शिक्षक प्रतिनिधि शाहनवाज व संरक्षक प्रतिनिधि अतुल शर्मा, उप-मंत्री भावना, कोषाध्यक्ष पद पर कमला फ र्त्याल और संरक्षक सदस्यों में क्रमशः शायुमा परवीन, कमला चिलवाल, मंजू मेहरा, चम्पा देवी तथा शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में क्रमशः गीतिका नेगी, निशा बनौला, आलोक भट्ट और प्रबन्ध समिति सदस्य के रूप में राजेन्द्र सिंह चिलवाल का चयन किया गया।

## सेंट मैरी कॉलेज में इंटर स्कूल कल्चरल फेस्टिवल संस्कृति मैं रहा सेंट मैरी का दबदबा

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता



सरोवर नगरी के प्रतिष्ठित सेंट मैरी कॉलेज में आयोजित इंटरनेशनल स्कूल कल्चरल फेस्टिवल संस्कृति-2024 उत्साह के साथ मनाया गया। सेवन स्किल्स के तहत विद्यार्थियों ने विभिन्न नृत्य, नाटक, संगीत, हास्य समूह कविता पाठ तथा कंप्यूटर क्विज आदि में भाग लिया। सेंट मैरी कॉलेज ने अधिकांश ट्रॉफी अपने नाम की जबकि रनर एप ट्रॉफी सेंट जोसेफ कॉलेज को मिली।

प्रधानाचार्य सिस्टर मंजूषा ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए, यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसे भविष्य में भी जारी रखा जाएगा। उन्होंने कहा आज के दिन विद्यालय की स्थापना हुई थी। उन्होंने कहा कि यहां से शिक्षा प्राप्त कर चुकी छात्राएं देश के कोने कोने में नैनीताल के साथ साथ विद्यालय का नाम रोशन कर रही हैं। मुख्य अतिथि पीसीएस पल्लवी ठुकराल (विद्यालय की पूर्व छात्रा) ने छात्राओं को अपने स्कूल के दौर की बातें साँझा की।

उन्होंने कहा ऊँची लक्ष्य पाने के लिए संघर्ष आवश्यक है। उन्होंने प्रधानचार्य का आभार जताते हुए कहा मेरा सौभाग्य है कि मुझे मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया गया। इस अवसर पर सेंट मैरी विद्यालय की प्रबंधक सिस्टर शीबा, सेंट जोसेफ कॉलेज के प्रधानचार्य ब्रदर्स जेरोम एमुनाल, वृंदावन की प्रधानाचार्य राखी साह, आशा फाउंडेशन की चेयरमैन आशा शर्मा, सेंट जोजफ की जेबा रजा,गीता साह, संदीप मिस इंश्योरेंस रावल, शैलजा जोशी, संदीप सिंह,अनुभा जोशी, आस्था शर्मा, आरती सिंह, रविन आर्य मौजूद रहे। निर्णायक मंडल में बसंत वैली की प्रिंसिपल नीरज सिंह, डॉ. रितेश शाह, राजेश शाह, दीपक बलानी, डॉ. हरिप्रिया पाठक, डॉ. संध्या यादव, डॉ. रेना सिंह, मिनाक्षी कांडपाल, वंदना पत, नविता अधिकारी, सोनिया चार्ल्स, दीप्ति पंत तथा सुप्रीता शाह आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन फ तिमा सिद्दीकी तथा नवप्रीत कौर ने किया।

# फिल्मी दुनिया

## वसन बाला ने मांगी श्रद्धा कपूर के फैंस से माफी



*बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री आलिया भट्ट की आगामी फिल्म %जिगरा% का टीजर बीते रविवार को रिलीज हुआ। इसके बाद से ही इस फिल्म को लेकर काफी बातें की जा रही हैं। इस टीजर के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता काफी बढ़ती जा रही है। इस बीच फिल्म के निर्देशक ने श्रद्धा कपूर के फैंस से माफी मांगी है। दरअसल, जिगरा निर्देशक वसन बाला ने कुछ समय पहले श्रद्धा कपूर की हालिया रिलीज फिल्म %स्त्री 2% की तारीफ करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया था। इस पोस्ट में उन्होंने फिल्म की पूरी टीम को टैग किया था, लेकिन अभिनेत्री को टैग करना भूल गए थे, जिस वजह से अभिनेत्री के फैंस ने उनकी काफी आलोचना की थी। हाल में ही जिगरा का टीजर जारी किया गया था। आलिया और वेदांग रैना द्वारा साझा किए गए फिल्म के टीजर को श्रद्धा कपूर ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिर से पोस्ट किया। उन्होंने इसे साझा करते हुए लिखा, यह तो थिएटर में भाई के साथ देखना है। उन्होंने इस पोस्ट में अपने भाई सिद्धांध कपूर को भी टैग किया। उन्होंने आलिया भट्ट को टैग करते हुए लिखा था, क्या कमाल लड़की है। वहीं, वेदांग को टैग करते हुए उन्होंने लिखा था, क्या कमाल का ट्रेलर है। उन्होंने इस पोस्ट में जिगरा का हैशटैग भी जोड़ा था। उनके इस पोस्ट के जवाब में आलिया ने भी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर श्रद्धा की तारीफ की और कहा,हाहाहा थैंक यू माय ब्लॉकबस्टर स्त्री।*

### वसन बाला ने श्रद्धा कपूर के फैंस से मांगी माफी

*अब श्रद्धा द्वारा फिल्म की सराहना करने पर निर्देशक वसन बाला ने भी उनकी तारीफ करते हुए उनके फैंस से माफी मांगी है। वसन बाला ने अभिनेत्री द्वारा की गई सराहना का जवाब देते हुए उनके पोस्ट को अपने इंस्टाग्राम पर साझा किया। उन्होंने लिखा धन्यवाद श्रद्धा, आशा है कि आप और सिद्धांत भी फिल्म का आनंद लेंगे। इस मामले से यह संबंधित नहीं है, लेकिन मैं आपके प्रशंसकों से क्षमा मांगना चाहता हूं।*

## बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री से की मुलाकात

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिंह रावत तथा महासचिव सौरभ अधिकारी ने रविवार को दिल्ली में केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री भारत सरकार अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात की।

इस दौरान अध्यक्ष रावत ने एक प्रत्यावेदन कानून मंत्री को दिया जिसमें उन्होंने बताया गया कि उच्च न्यायालय उत्तराखंड में बहुत समय से न्यायमूर्तिगणों के पद रिक्त चले आ रहे हैं जिसके चलते उत्तराखंड उच्च न्यायालय में लंबित मामलों की संख्या दिन प्रतिदिन बढती ही जा रही है,उन्होंने रिक्त पदों पर नियुक्तियां जल्द से जल्द करने की गुजारिश की ताकि उत्तराखंड की जनता को समय से और सुलभ न्याय प्राप्त हो सके। रावत के मुताबिक मंत्री द्वारा यह विश्वास दिलाया गया की वह इस मामले को अपने स्तर से जल्द से जल्द से पूरा करने का प्रयास करेंगे। उसके बाद दोनों पदाधिकारियों ने इसी मुद्दे को लेकर सांसद अजय भट्ट से भी मुलाकात की।



## News कॉर्नर

### लिटिल फ्लावर स्कूल में कुमाऊंनी बोली की कार्यशाला आयोजित



**हल्द्वानी।** लालडांठ स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल में सात दिनी कुमाऊंनी बोली की कार्यशाला का शुभारंभ हेमा हरबोला ने किया। इस दौरान बच्चों में कुमाऊंनी बोली सीखने के प्रति उत्साह देखा गया। अध्यापक अध्यापिकाओं ने भी कक्षा में बैठकर कुमाऊंनी बोली को सीखने का प्रयास किया। लगातार 7 दिन तक यह कार्यशाला चलेगी। तत्पश्चात बच्चों की परीक्षा भी होगी। अंतिम दिवस पर पुरस्कार वितरण भी होगा। प्रधानाचार्य शांति जीना ने हेमा हरबोला का इस निशुल्क कार्यशाला के लिए आभार जताया।

### नारायण अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

रुद्रपुर। भारत विकास परिषद् शहीद ऊधम सिंह शाखा की ओर से नारायण हॉस्पिटल के ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। नारायण अस्पताल के स्टाफ ने भी रक्तदान किया। शिविर में 41 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर का शुभारंभ नारायण अस्पताल की एमडी एवं सीनियर फिजिशियन डॉक्टर सोनिया अदलखा समेत कई अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रें के सम्मुख दीप जलाकर किया। शाखा सचिव अजय अग्रवाल ने बताया कि ब्लड बैंक से रक्त की मांग आने पर शहीद ऊधम सिंह शाखा द्वारा इस शिविर का आयोजन किया।

# वैश्य महासभा: श्री गणेश महोत्सव के दौरान कई प्रतियोगिता आयोजित

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

वैश्य महासभा द्वारा आयोजित श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम के द्वितीय दिन प्रात:काल पंडित विवेक शर्मा द्वारा गणपति पूजन कराया गया। जिसमें मुख्य यजमान अमोल अग्रवाल सपत्नीक रहे । पूजा के दौरान रामबाबू जायसवाल, तनुज गुप्ता, राजेन्द्र अग्रवाल मुन्ना, बद्रीप्रसाद गुप्ता, रामकिशोर अग्रवाल, मुकेश लहरिया सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। वैश्य महासभा द्वारा आयोजित रन फोर गणेशा रामलीला मैदान से थाना इंचार्ज दिनेश जोशी, महासभा अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया ।



धावकों ने पूर्व निर्धारित मार्गों से होते हुये पुन: रामलीला मैदान में पहुंच कर दौड़ पूरी की। इसके प्रथम विजेता मोहित, द्वितीय राज कश्यप, तृतीय अनमोल चौधरी विजेता रहे ।जबकि कमलेश सिंह, शिवप्रकाश, नन्दनसिंह ,हिमांशु पोखरिया, शिवांश साहू, हर्षित विष्ट को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया ।इस रन फोर गणेशा के प्रायोजक बुरांश मैट्रिक के द्वारा सभी विजेताओं को नकद राशि एवं स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । वहीं दोपहर में वैश्य महासभा द्वारा आयोजित दही हांड़ी फोड़ो प्रतियोगिता में तीन टीमों ने प्रतिभाग किया । टीमों के क्रमानुसार मटकी फोड़ने के लिये गौरांग वार्ष्णेय, सृष्टि वार्ष्णेय (बालक,बालिका)द्वारा पर्ची निकलवा कर संयोजक देवेश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल द्वारा निर्णय लिया गया । तीसरे चक्र में आम्रपाली की टीम ने मटकी फोड़ कर जीत हासिल की । अन्य दो टीमों की खेल स्पर्धा को देखते हुये निर्णायक मंडल द्वारा उपविजेता घोषित किया गया ।दही हांड़ी फोड़ो प्रतियोगिता के प्रायोजक तनिष्क शो रूम ,पाल ग्रुप के डायरेक्टर गोपाल पाल द्वारा विजेता टीम को इक्कीस हजार रूपये, ट्राफी,प्रमाण पत्र तथा उपविजेता टीमों के कप्तान को इक्कीस सौ रुपये देकर पुरस्कृत किया गया । सायंकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ पवन झा के प्रवचनों से हुआ । तत्पश्चात कार्यक्रमो की श्रंखला में सुरसाधना संगीत कला समिति,एक्स डांस स्टूडियो, इमेनुउल पब्लिक स्कूल, हिमानी ,नन्दिनी, वैष्णवी द्वारा मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गयी । कार्यक्रमों के दौरान रामबाबू जायसवाल, बद्रीप्रसाद गुप्ता, राजेन्द्र अग्रवाल मुन्ना, तनुज गुप्ता, विन्देश गुप्ता, सुशील कुमार अग्रवाल पप्पी, अशोक वार्ष्णेय, अतुल जायसवाल, कपिल अग्रहरि, किशनलाल गुप्ता, यश गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, मंजू वार्ष्णेय, स्नेह लता गुप्ता, जलज वार्ष्णेय सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे ।

# भूमिया मंदिर से घंटी चोरी के आरोपी पकड़ने में पुलिस ने की कामयाबी हासिल

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिला मुख्यालय नैनीताल के समीपवर्ती नैना गांव स्थित भूमिया मंदिर से घंटी चोरी के आरोपी पकड़ने में पुलिस ने कामयाबी हासिल कर ली है। बता दें कि बीते चार सिंतबर को उमेद सिंह मनराल पुत्र स्व हीरा सिंह मनराल निवासी ग्राम गोरियलधार नैनीताल द्वारा थाना तल्लीताल में लिखित रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि दो सितंबर की रात्रि में नैना गांव थाना तल्लीताल स्थित भूमिया मंदिर से 51-52 किलो का घंटा जिसकी वर्तमान कीमत 40 हजार रुपए है को अज्ञात चोरों द्वारा रात्रि में चुरा लिया है। जिसके आधार पर थाना तल्लीताल में अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना उपनिरीक्षक अविनाश मौर्य चौकी प्रभारी ज्योलीकोट के सुपुर्द की गई। हरबंस



सिंह पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी भवाली सुमित पांडे के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष तल्लीताल रमेश सिंह बोरा के नेतृत्व तीन अलग अलग टीमों का गठन किया गया। तीनों टीमों द्वारा कड़ी सुरागरसी पतारसी व सर्विलांस की मदद से चोरी में लिप्त 2 अभियुक्तों को थाना काठगोदाम क्षेत्र में एसबीआई रानीबाग के बगल में स्थित कबाड़ी की दुकान से गिरफ्तार किया गयाए तथा उनके कब्जे से मंदिर से चोरी उक्त घंटा भी बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त मो0 शफ ीक उर्फ गुड्डू (60) पुत्र इलाही बक्श निवासी बनभूलपुरा हल्द्वानी तथा निखिल नेगी पुत्र पूरन सिंह नेगी निवासी देवलढूंगा बिष्ट स्टेट बीरभट्टी नैनीताल को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्त गणों द्वारा बताया गया कि निखिल नेगी उपरोक्त द्वारा मंदिर से घंटा चोरी किया गया जिसे मो0 शकील उर्फ गुड्डू द्वारा खरीदा गया।

# तीन दिवसीय खो-खो प्रतियोगिता शुरू

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

खेल निदेशालय देहरादून एवं जिला प्रशासन की ओर से आयोजित तीन दिवसीय खो खो राज्य स्तरीय अनुसूचित जाति ओपन बालक खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने किया। यह प्रतियोगिता श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रूद्रपुर में शुरू हुई है।

उन्होंने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया व उनकी हौसला अफजाई की। सीडीओ ने प्रदेश भर से आए खिलाड़ियों को बधाई दी व खिलाड़ियों का आह्वान करते हुए कहा कि खिलाड़ी खेल भावना से खेलते हुए अपनी प्रतिभा को बेहतर ढंग से खेल के मैदान में प्रदर्शित करें। उन्होंने कहा कि खेलों में जीतने व हारने से ज्यादा खेलों में प्रतिभाग करना अति आवश्यक है, इसलिए खेल भावना से खेलों में प्रतिभाग करे व अपने विद्यालय, अपने प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। जिला खेल अधिकारी जानकी कार्की ने बताया कि खो-खो प्रतियोगिता में प्रदेश के जनपदों की 14 टीमों के 145 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।



# महापर्व सदस्यता अभियान को लेकर मंडल स्तरीय बैठक आयोजित



**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय/ प्रदेश/ जिला नेतृत्व के आह्वान पर पार्टी के महापर्व सदस्यता अभियान के संदर्भ में रविवार को नैनीताल क्लब में नैनीताल मंडल की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य वक्ता एवं सदस्यता अभियान के विधान सभा प्रभारी गोपाल सिंह रावत ने अपने संबोधन में बताया कि मंडल को दिए गए सदस्यता लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आभियान को गति प्रदान करते हुए बूथ स्तर तक प्रत्येक परिवार में पहुंच कर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाना का प्रयास के साथ ही प्रत्येक बूथ और वार्ड में छोटी छोटी बैठक कर सदस्यता दिलाई जाए। विधायक सरिता आर्या ने कहा कि समाज के हर वर्ग को पार्टी की सदस्यता दिलाने का प्रयास करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट तथा संचालन मोहित लाल साह एवं मोहन नेगी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में अरविंद सिंह पडियार, मिडिया प्रभारी विक्रम सिंह रावत, रीना मेहरा, तारा राणा, दया बिष्ट,जीवंती भट्ट, नितिन कार्की, तारा बोरा,लता दफ ौती, ज्योति ढौंडियाल, कविता गंगोला, प्रेमा आधिकारी, दिपिका बिनवाल, पुष्पा राणा,अमिता साह,मीनू बुधलाकोटी, गजाला कमाल,मनोज जोशी, प्रेम सागर, प्रकाश नौटियाल, संतोष कुमार,रितुल कुमार,आशीष बजाज, प्रो.ललित तिवारी,मनोज साह जगाती, विकाश जोशी, भगवत सिंह रावत, निखिल बिष्ट,पंकज भट्ट,चंद्र खन्ना,पदम सिंह, शैलेन्द्र सिंह बिष्ट, विश्वकेतु वैध, मारुति नंदन साह, मनोज कुमार, सिद्धार्थ सिंह बिष्ट, भारती कैड़ा,अरुण कुमार,कैलाश रौतेला, गणेश मेहरा,भूपेंद्र कोरंगा, मुकेश मेहरा,सलमान जाफ री,लाल सिंह बिष्ट,विक्रम सिंह कनवाल,प्रेम सागर,सुंदर सिंह बिष्ट, दीप भट्ट तथा हरीश तिवारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बैठक आयोजित

**हल्द्वानी।** पूर्व सैनिक कल्याण समिति हल्दूचौड़ के सभागार में सूबेदार बंशीधर पांडेय की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय और राज्य स्तर पर कुछ विकृत मानसिकता वाले लोगों द्वारा समाज में बच्चियों और महिलाओं के यौन शोषण और अभद्र व्यवहार पर विचार-विमर्श करना था। बैठक में निर्णय लिया कि एक ज्ञापन राज्यपाल और मुख्यमंत्री को संज्ञान में लाने के लिए एस.डी.एम. साहब के माध्यम से भेजा जाए।

# जनकल्याण एसोसिएशन की नई समिति के सदस्य नामित

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन न्यू आवास विकास कालोनी टेढ़ी पुलिया, काठगोदाम की एक मीटिंग न्यू आवास विकास कालोनी में डॉक्टर जगदीश प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

जिसमें नई समिति रजिस्ट्रेशन हेतु एडीएचओसी बेसिस पर पदाधिकारियों को मीटिंग में उपसिस्थत भवनस्वामियों द्वारा सर्वसम्मति से नामित किया गया। जो इस प्रकार हैं- संरक्षक मंडल- रामदत्त पांडे, सीएमपांडे, दुर्गादत्त पांडे, महा सिंह बिष्ट, हरीश चंद्र तिवारी, भगवती वर्मा, उमा कलाकोटी, जानकी पाठक, अध्यक्ष डॉक्टर जगदीश प्रसाद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रशेखर खुलबे, कनिक्स उपाध्यक्ष सरिता पाण्डे, महामंत्री बीसी उपाध्याय, उपसचिव चंदन सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष (प्रथम) नवीन चंद्र जोशी, कोषाध्यक्ष (द्वितीय) रवि वर्मा, लीगल एडवाइजर के एस मेहता, ऑडिटर सी एस डांगी, मीडिया प्रभारी (प्रथम) बीसी उपाध्याय, मीडिया प्रभारी (द्वितीय) मोहन सिंह राणा, मीडिया प्रभारी ( आई टी डिजिटलाइजेशन) राहुल कुमार, कार्यकरणी के सदस्य- चारु भट्ट, भावना पंत, पुष्पा नयाल, रमेश सिंह बिष्ट, आशा नयाल, संजय पांडे, नंदी राठौर, भास्कर पुरोहित, पुष्पा नेगी, पवन पांडेय, हेमा बिष्ट, जगत सिंह धामी , चंद्रकला भट्ट, घनानंद मिश्रा, उमा जोशी, गया राम, ललिता देवड़ी, मोहन चंद्र शर्मा, रमेश चंद्र पाठक, एस एस कालाकोटी, देवकी नंदन जोशी, रूपेंद्र सिंह भंडारी, लाल बाबू चौधरी, टीसी खुल्वे हैं।

# आल इंडिया इंटर स्कूल वाद विवाद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

शेरवुड कॉलेज में रविवार को दो दिवसीय रॉबर्ट चार्ल्स लेवलिन स्मृति आल इंडिया इंटर स्कूल वाद विवाद प्रतियोगिता सम्पन्न हो गयी। इस दौरान बिशप कार्टन शिमला ने ट्रॉफ ी जीती जबकि सर्वश्रेष्ठ वक्ता का अवार्ड शेरवुड कॉलेज की छात्रा परिधि सिंघल ने अपने नाम किया। प्रधानाचार्य अमनदीप संधु ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

विद्यालय सभागार में देश के विभिन्न प्रान्तों से पहुचे प्रसिद्ध 14 पब्लिक स्कूलों के विद्यार्थी प्रतियोगिता में शामिल हुए। पहले राउंड की प्रतियोगिता में आठ विद्यालयों के प्रतिभागियों ने क्वार्टर




फाइनल में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मॉर्डन स्कूल तथा शेरवूड कॉलेज, बिशप कार्टन व राष्ट्रीय इंडियन मिलेट्री कॉलेज सेमी फाइनल में जगह बनाई। अंत में मुकाबला शेरवूड कॉलेज व बिशप कार्टन के बीच रहा और शेरवूड कॉलेज ने जीत हासिल करली। मगर शेरवुड कॉलेज आयोजक होने के नाते बिशप कार्टन को विजेता व राष्ट्रीय इंडियन मिलेट्री कॉलेज को उपविजेता घोषित किया गया। प्रतियोगिता में ऐरन एस केनेडी को श्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार दिया गयाए जबकि विहान गुप्ता को प्रभावशाली वक्तता के पुरस्कार से नवाजा गया।

प्रतियोगिता में वाइन वर्ग स्कूल, सिंधिया गर्ल्स कॉलेज, इंडियन स्कूल, तुलाज इन्टर्नेसनल स्कूल, यादवेंद्र पब्लिक स्कूल व बिशप कार्टन समेत कई अन्य प्रदेशों के विद्यार्थी शामिल हुए। प्रधानाचार्य अमनदीप संधु ने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए कहा कि विद्यालय प्रबंधन का प्रयास शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर मंच करना है। इस अवसर पर हेम पांडे, वासु साह, एपी सिंह, संदीप बिष्ट समेत प्रतिभागी विद्यालयों के प्रतिनिधि व विद्यार्थी शामिल थे।